आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 बुधवार 22.10.2025

मुख्य समाचारः–

1– जशपुर और बस्तर जिले में चार नये शासकीय महाविद्यालयों की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई।

2– पदस्थापना के बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों के खिलाफ शासन करेगा कार्रवाई।

3– राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है।

4– मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई।

शासकीय महाविद्यालय–स्वीकृति

उच्च शिक्षा विभाग ने जशपुर तथा बस्तर जिले में चार नवीन शासकीय महाविद्यालयों की स्थापना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। ये महाविद्यालय जशपुर के फरसाबहार और करडेगा तथा बस्तर के नगरनार और किलेपाल में खोले जाएंगे। राज्य शासन ने इन चारों महाविद्यालयों के लिए कुल एक सौ बत्तीस पदों के सृजन की स्वीकृति के साथ ही कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति भी दे दी है। स्वीकृत पदों में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल, क्रीड़ाधिकारी, सहायक ग्रेड–एक और प्रयोगशाला कर्मी आदि शामिल हैं।

राष्ट्रपति–सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बालोद जिले को स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड से सम्मानित किया है। यह अवॉर्ड जिले को आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया। राष्ट्रपति ने बीते सत्रह अक्टूबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड प्रदान किया।

शिक्षक–कार्रवाई

राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने विद्यालयों और शिक्षकों के युक्ति–युक्तकरण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना की है। यह पदस्थापना काउंसलिंग के माध्यम से जिला, संभाग और संचालनालय स्तर पर गठित समितियों द्वारा की गई है।

लोक शिक्षक संचालनालय के अनुसार पदस्थापना आदेश जारी होने के बाद भी कुछ शिक्षकों ने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। ऐसे शिक्षकों की सूची संभागीय संयुक्त संचालकों ने शासन को भेज दी है। शासन ऐसे शिक्षकों के खिलाफ नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया जल्द ही शुरू करेगा।

मंत्रालय–बायोमेट्रिक

सामान्य प्रशासन विभाग ने मंत्रालय में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह प्रणाली एक दिसंबर से प्रभावी हो जाएगी। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने मंत्रालय के सभी विभागों के भारसाधक सचिवों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सभी अधिकारी और कर्मचारी सात नवंबर तक पोर्टल पर अपने पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें। विभाग द्वारा जारी

आदेश के अनुसार यह प्रणाली मंत्रालय में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए अनिवार्य रूप से लागू की जाएगी। पंजीकरण के लिए विभागीय पोर्टल अनुभाग में आवश्यक विवरण भरना होगा।

वायुसेना–एरोबैटिक शो

राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर नवा रायपुर में भारतीय वायुसेना द्वारा एरोबैटिक शो का अयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वायुसेना की सूर्यकिरण टीम द्वारा 'बॉम्ब बर्स्ट', 'हार्ट–इन–द–स्काई' और 'एरोहेड' जैसी प्रस्तुति दी जाएगी। राज्य शासन और भारतीय वायुसेना के संयुक्त प्रयास से आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के इस ऐतिहासिक अवसर पर यह शो राज्य के विकास, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय गौरव की उड़ान का प्रतीक बनेगा। यह प्रदर्शन न केवल हमारे युवाओं में देशभक्ति और गर्व की भावना को प्रबल करेगा, बल्कि उन्हें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा भी देगा।

मुख्यमंत्री–दीप महोत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायगढ़ जिले के ग्राम भुईयांपानी स्थित गुरुधाम में दीप महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुदेव स्वामी धनपति पंडा और प्रेमशीला पंडा की प्रतिमाओं के समक्ष नमन कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह दीपोत्सव हर घर में उजियारा और हर जीवन में सुख, समृद्धि, शांति तथा प्रेम का प्रकाश फैलाए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिवमंदिर और हनुमान मंदिर जाकर पूजा–अर्चना की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गुरुधाम में एक करोड़ रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त भवन के निर्माण सहित अन्य घोषणाएं की।

वहीं, मुख्यमंत्री ने अपने गृह ग्राम बगिया में लोगों से उनकी समस्याएं सुनी और उनके आवेदन लिए। इस मौके पर उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके विभागों से संबंधित आवेदनों का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

पुलिसकर्मी–निलंबित

अंबिकापुर जिला अस्पताल से दो कैदियों के फरार होने के मामले में पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने सुरक्षा ड्यूटी में तैनात दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार जिला जेल सूरजपुर से दो कैदियों को तबीयत खराब होने पर अंबिकापुर जिला अस्पताल के जेल वार्ड में भर्ती करवाया गया था। इसी दौरान दीपावली की रात दोनों कैदी सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक ने घटना को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा ड्यूटी में लगे दो पुलिसकर्मियो प्रधान आरक्षक इसदोर एक्का और आरक्षक सनेश बखल को निलंबित कर दिया है। फरार हुए कैदियों की तलाश की जा रही है।

गोवर्धन पूजा

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। आज के दिन गौ–माता की पूजा की जाती है और उसे खिचड़ी का भोग अर्पित किया जाता है। साथ ही सोहाई बांध कर गौवंश की रक्षा की प्रार्थना की जाती है। राजधानी रायपुर के प्राचीन दूधाधारी मठ में भी अन्नकूट और गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश के अन्य जिलों से भी अन्नकूट और गोवर्धन पूजा का पर्व मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

इस बीच, आज प्रदेश के कई स्थानों पर गौरा–गौरी शोभा यात्रा निकाली गई। पंडित नारायण वैष्णव ने बताया कि भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के प्रतीक के रूप में गौरा–गौरी का पर्व मनाया जाता है।

वहीं, प्रदेशभर में यादव समाज के लोगों द्वारा घर–घर जाकर राउत नाचा के माध्यम से अपनी खुशी का इजहार किया गया।

गौरतलब है कि प्रदेश में कल भाईदूज और मातर का पर्व मनाया जाएगा।

छठ पर्व

चार दिवसीय छठ महापर्व पच्चीस अक्टूबर से नहाय खाय के साथ शुरू होगा। रायपुर में छठ महापर्व आयोजन समिति द्वारा आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों ने छठ पूजा के आयोजन के लिए रुपरेखा तैयार की। छठ महापर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि समिति ने इस वर्ष छठ पूजा भव्यता और उत्साह से मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि छठ पूजा का पर्व रायपुर, बिलासपुर, भिलाई–दुर्ग, कोरबा, बस्तर तथा अन्य शहरों में बड़े धूम–धाम से मनाया जाता है। रायपुर में खारुन नदी के महादेव घाट, भनपुरी के व्यास तालाब, नवा रायपुर स्थित झांझ तालाब और अन्य तालाबों के किनारे तथा पचास से अधिक स्थानों पर छठ पूजा का पर्व धूम–धाम से मनाया जाएगा।

रेलवे–ट्रेन

इस बीच, रायपुर रेलवे प्रशासन ने दीपावली और छठ पर्व में यात्रियों की संख्या को देखते हुए तीन एक्सप्रेस ट्रेनों को प्लेटफार्म नंबर पांच के स्थान पर सात नंबर से चलाने का निर्णय लिया है। दुर्ग–पटना साउथ बिहार एक्सप्रेस और दुर्ग–छपरा सारनाथ एक्सप्रेस बाईस से सत्ताईस अक्टूबर और गोंदिया–बरौनी एक्सप्रेस तेईस अक्टूबर से प्लेटफार्म नंबर–सात से रवाना होगी। यात्री स्टेशन के गुढ़ियारी प्रवेश द्वार से सीधे प्लेटफार्म नंबर सात पर पहुंच सकते हैं।

बच्चे–मौत

बीजापुर जिले के हिरौली पारा गांव में कल तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ये सभी बच्चे तालाब में नहाने गए थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में जाने की वजह से डूब गए। ये तीनों बच्चे एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे और आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि पच्चीस अक्टूबर से एक बार फिर प्रदेश में वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>